प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न

कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय के एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का द्वितीय एवं अन्तिम चरण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। प्रक्रिया की अवधि दो दिवस (13 एवं 14 जून, 2022) थी। अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय, डा. आर.एस. जादौन ने कहा कि कोरोना व्याधि के प्रकोप के परिणामस्वरूप पूर्व के दो वर्षों में सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में कई स्तरों पर परिवर्तन करने पड़े थे। इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया, करोना काल के पूर्व के अनुसार ही सम्पूर्णता से अपनायी जा रही है। उन्होंने बताया की इस प्रक्रिया में सफल होने हेतु उत्तराखण्ड के साथ–साथ देश के अन्य निकट एवं सुदूर स्थानों से आये सैकड़ों प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों का उत्साह सराहनीय है तथा वह प्रवेश प्रक्रिया में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देने हेतु लालायित हैं। महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदकों की संख्या ज्यादा होने के कारण इस वर्ष यह प्रक्रिया एक के स्थान पर दो दिवसों में आयोजित की जा रही है। उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी छात्रों की संख्या निरंतर वृद्धि के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल, प्रभारी अधिकारी सेवायोजन एवं परामर्श, तथा प्रभारी अधिकारी प्रवेश के योगदान को निर्णायक बताया तथा उन्हें बधाई दी। उन्होंने ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के इस चरण में अभ्यर्थियों को दो परीक्षाओं, क्रमशः ग्रुप डिशक्शन एवं वैक्तिक साक्षात्कार, में अपने आपेक्षित ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन करना होगा। इन दोनों परीक्षाओं में प्राप्त अंकों तथा पूर्व की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़कर अन्तिम वरीयता सूची तैयार की जायेगी।

महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी प्रवेश डा. सौरभ सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के एम.बी.ए. शैक्षणिक कार्यक्रमों में क्रमशः 32 एवं 08 सीटें हैं। महाविद्यालय में 40 सीटों के सापेक्ष 194 अभ्यर्थियों को इस चरण में बुलाया गया। इनमें से 124 अभ्यर्थी इस चरण में प्रतिभागिता हेतु उपस्थित हुए। उन्होंने आगे बताया कि ग्रुप डिशक्शन एवं वैक्तिगत साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के मूल्यांकन हेतु एक्सपर्टस के पैनल में उद्योग जगत तथा शैक्षणिक जगत के विद्वतजनों का उचित सममिश्रण होता है। यह व्यवसाय प्रबंधन के शैक्षणिक कार्यक्रम में उचित अभ्यार्थियों के चयन हेतु आवश्यक होता है। डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठाता सी.ए. बी.एम. ने बताया कि करोना व्याधि के प्रकोप काल में भी महाविद्यालय अपेन सभी विद्यार्थियों का उचित सेवायोजन प्रसिद्ध एवं स्थापित उद्योगों एवं अन्य संस्थाओं में कराने में सफल रहा है। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया के सुचारू प्रबन्धन हेतु सभी संकाय सदस्यों को धन्यवाद किया तथा प्रक्रिया के सफलता पूर्वक समापन हेतु बधाई दी।